13.03.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ प्रदेशभर में होली का पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है–शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया जाएगा–कल धुलंडी पर रंग खेला जाएगा।

○ राज्य सरकार ने सीएनजी और पीएनजी सहित विभिन्न प्राकृतिक गैस की दरों में कमी की–नई दरें आज रात 12 बजे से लागू होंगी।

○ प्रदेश में मौसम का मिज़ाज बदला–कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश–कुछ स्थानों पर ओले गिरे।

○ इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन के तहत दो उपग्रहों को अलग करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की।

000

प्रदेशभर में आज होली का पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। आज रात को शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न मंदिरों में फूल बंगला सहित विशेष झांकियां सजाई गई हैं। जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जैसलमेर में लोक देवता बाबा रामदेव की समाधि को फूलों से सजाया गया है। बाजारों में मिठाईयां और रंग, अबीर और गुलाल की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर के सांगानेर में भाजपा की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने आज सुबह डीग के पूंछरी का लौठा स्थित श्रीनाथ जी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने लोगों के साथ फूलों की होली भी खेली। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम भी मौजूद रहे।

कल धुलंडी पर रंग खेला जाएगा। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में अनूठे अंदाज में होली खेली जाती है।

..............

जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने आज एक–दूसरे को रंग लगाकर होली मनाई। इस बीच, राज्य के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार हैं। होली की छुट्टियां मनाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। होटलों में धुलंडी को देखते हुए पर्यटकों के लिए खास इंतजाम किये गए हैं। ऑर्गेनिक रंग और हर्बल गुलाल साथ–साथ रेन डांस और संगीत के आयोजन रखे गए हैं। पाली के जवाई और रणकपुर क्षेत्र में इंग्लैंड, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया जर्मनी सहित विभिन्न विदेशी घुड़सवार महिलाओं का दल मारवाड़ और गोडवाड़ क्षेत्र की परम्परागत होली खेलने के लिए पहुंचा है। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान और चम्बल घड़ियाल सेंचुरी देखने के लिए भी सैलानी आए हैं।

................

होली के मद्देनजर प्रदेशभर में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गए हैं। पुलिस अधिकारी और जवान अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे हैं। राजधानी जयपुर में अभय कमांड सेंटर से पूरे शहर की निगरानी रख रहे हैं। ड्रोन कैमरों की मदद से भी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। होली के त्यौहार पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें मुस्तैदी के साथ मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं।

000

बारां जिले का प्रसिद्ध फूल डोल लोक उत्सव आज से शुरू हुआ। 21 मार्च तक चलने वाले इस उत्सव का आगाज कलश यात्रा के साथ हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

000

राज्य सरकार ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए सीएनजी और पीएनजी सहित विभिन्न प्राकृतिक गैस की दरों में 2 रुपये 12 पैसे प्रति किलोग्राम की कमी की है। नई दरें आज रात 12 बजे से लागू होंगी। राज्य सरकार के उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड–आरएसजीएल के चेयरमैन टी. रविकान्त ने बताया कि कंप्रेस्ड नेचुरल गैस–सीएनजी सहित डीपीएनजी, सीपीएनजी और आईपीएनजी प्राकृतिक गैस की दरों में कमी की गई है। अब आरएसजीएल के सीएनजी स्टेशनों पर सीएनजी गैस 2 रु. 12 पैसे प्रति किलोग्राम सस्ती मिलेगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल विधानसभा में वित और विनियोग विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए सीएनजी और पीएनजी की वेट दर 10 प्रतिशत से घटाकर साढे 7 प्रतिशत करने की घोषणा की थी।

000

प्रदेश में आज एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से भरतपुर, जयपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कुछ स्थान पर तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इसके साथ ही कहीं–कहीं ओले गिरने के समाचार हैं। डीग में तेज हवा के साथ बारिश हुई। कई स्थानों पर पेड़ धराशायी हो गए। नागौर और कोटपूतली–बहरोड़ में कुछ इलाकों में बारिश के साथ ओले भी गिरे। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस विक्षोभ का असर अगले दो–तीन दिन तक बने रहने की संभावना है।

..................

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन के तहत दो उपग्रहों को अलग करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में यह देश की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसरो द्वारा देश में ही अनुसंधान द्वारा विकसित इस तकनीक की मदद से इसरो, अंतरिक्ष में अपने सैटेलाइट्स को किसी अन्य यान से जोड़ पाएगा ओर अलग भी कर पाएगा। अमेरिका, रूस और चीन के बाद अब भारत के पास भी यह तकनीक उपलब्ध है।

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने वैज्ञानिकों को इस सफलता के लिए बधाई दी है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने कहा कि यह सफलता भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान–4 और गगनयान सहित भविष्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगी।

000

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कंटेंट क्रिएटर्स को देश का डिजिटल एम्बेसडर बताया है। नई दिल्ली में आज एक कार्यक्रम में श्री गोयल ने कहा कि जिम्मेदार कंटेंट, नई कहानी, कौशल विकास और भारतीय रचनात्मकता का निर्यात रचनात्मक उद्योग के चार प्रमुख पहलू हैं।

उन्होंने इस क्षेत्र में अपार अवसरों पर जोर देते हुए कहा कि यह उद्योग देशभर में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देता है। श्री गोयल ने लोगों के विचारों और प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में सहायता करने में सरकार की भूमिका को दोहराया।

000

21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए अब सिर्फ सौ दिन बाकी रह गए हैं। इसकी तैयारियों के सिलसिले में केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने आज नई दिल्ली में योग महोत्सव–2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अगले सौ दिन के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में दस महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के तहत 10 भागीदार देशों के साथ योग आदान–प्रदान कार्यक्रम योग बंधन का आयोजन किया जाएगा।

000

श्रीगंगानगर के गजसिंहपुर क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भारत–पाकिस्तान सीमा पर हेरोइन पकड़ी है। इसकी कीमत पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है। ये कार्रवाई स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर की गई। लोगों ने सीमा पर पाकिस्तान की ओर से ड्रोन उड़ता देख सुरक्षा एजेंसियों को इसकी सूचना दी थी।

000

दौसा में महुवा–मंडावर सड़क मार्ग पर हादसे में स्कूटर सवार पिता–पुत्री की मृत्यु हो गई। ये हादसा कार के स्कूटर को टक्कर मारने से हुआ। ये दोनों अलवर जिले के परबैनी गांव के रहने वाले थे और एक धार्मिक कार्यक्रम से लौट रहे थे।

उधर, जोधपुर में एक अन्य दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मृत्यु हो गई। ये दुर्घटना उस समय हुई, जब एक तेज रफ्तार डम्पर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 15 मार्च से शक्ति वंदन महोत्सव मनाया जाएगा। जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से मनाए जाने वाला ये महोत्सव 17 मार्च तक चलेगा। इस दौरान लखपति दीदी योजना के तहत चैक वितरित किए जाएंगे। कला, संस्कृति और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को अहिल्याबाई होल्कर अवार्ड से नवाजा जाएगा।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ''वोकल फॉर लोकल'' के तहत 300 स्टॉल लगाई जाएंगी। महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सत्रों के माध्यम से चर्चा की जाएगी।

000